प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 मंगलवार दिनांक 16.09.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मध्यप्रदेश के धार में आयोजित एक समारोह में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे—वहीं, रायपुर में केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस अभियान का शुभारंभ करेंगी।

- मुख्यमंत्री कल रायपुर में स्वच्छता आवास और लोक कल्याण उत्सव का उद्घाटन करेंगे।

- राज्य सरकार ने युद्ध तथा सैनिक कार्यवाही में शहीद सैनिकों की पत्नी या उनके आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को बढ़ाकर पचास लाख रुपये किया।

- मोहला—मानपुर जिले के ग्राम खैरी—पांगरी में बिजली की करंट से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मध्यप्रदेश के धार में आयोजित एक समारोह में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का भी शुभारंभ करेंगे।

गौरतलब है कि महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा कल से देशभर में "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और सेवा पखवाड़ा'' शुरू किया जा रहा है। दो अक्टूबर तक चलने वाला यह अभियान महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाए जाने वाले "पोषण माह" के साथ चलाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय में इस अभियान का शुभारंभ करेंगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री रायपुर नगर निगम क्षेत्र के दो आंगनबाड़ी केन्द्रों – मठपुरैना और कांदुल का निरीक्षण भी करेंगी।

गौरतलब है कि इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, एनीमिया, टीबी और सिकल सेल रोग की जांच की

जाएगी। साथ ही स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र, ईएनटी, त्वचा, मानसिक स्वास्थ्य और दंत विशेषज्ञ जैसी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच, परामर्श और बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कल सत्रह सितंबर से मनाया जाएगा, जो दो अक्टूबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य सहित विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

होल्ड बाईट–मुख्यमंत्री

(28 सेकेण्ड)

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौरों तथा नगर पालिक निगम और नगर पंचायतों के अध्यक्षों को पत्र लिखकर प्रदेश में कल से स्वच्छोत्सव मनाने को कहा है। पत्र में उन्होंने सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन का भी अनुरोध किया है।

होल्ड बाईट–अरूण साव

श्री साव ने स्वच्छता ही सेवा अभियान से खेल और खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए सभी खेल संघों को भी पत्र लिखा है।

वहीं, प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में भी स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के संचालक डॉक्टर अश्वनी देवांगन ने बताया कि कल से पच्चीस सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत सार्वजनिक उपयोग की जगहों की साफ–सफाई की जाएगी।

होल्ड बाईट – अश्वनी देवांगन

मुख्यमंत्री–कार्यक्रम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल राजधानी रायपुर में स्वच्छता आवास और लोक कल्याण उत्सव का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में श्री साय नगरीय प्रशासन और विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित भी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे।

नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के सचिव डॉक्टर बसवराजू एस. ने बताया कि कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राज्य स्तरीय प्रमोचन, अंगीकार अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी आवास दिवस और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के साथ ही लोक कल्याण मेला का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया जाएगा।

शहीद आश्रित–अनुग्रह राशि

राज्य सरकार ने युद्ध तथा सैनिक कार्यवाही में शहीद सैनिकों की पत्नी या उनके आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को बीस लाख रूपये से बढ़ाकर पचास लाख रुपये कर दिया है। साथ ही युद्ध तथा सैनिक कार्यवाही में विभिन्न वीरता अलंकरण प्राप्त जवानों को दी जाने वाली राशि में भी वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल मंत्रालय में सैनिक कल्याण विभाग की छठवीं राज्य सैनिक समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि अब परमवीर चक्र प्राप्त वीर जवानों को चालीस लाख रुपये की
जगह एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी।

सेवा पर्व–विशेष कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज नवीकरणीय और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में सकारात्मक बदलावों के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यों का उल्लेख किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ के आकांक्षी जिला कोरबा जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। बड़ी संख्या में लोग इस योजना का लाभ उठाने के लिए आगे आ रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का उद्देश्य आम लोगों को सौर उर्जा से जोड़ना और बिजली खर्च में कमी लाना है। कोरबा जिले में इस योजना को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। केंद सरकार ने 13 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का शुभारंभ किया गया था। इस महत्वकांक्षी योजना के तहत घर की छतों पर एक किलो वाट से लेकर दस किलो वाट तक की क्षमता के सोलर पैनल लगाये जा रहे हैं। जिससे बिजली उफभोक्ताओं को बिजली के बिलों से बड़ी राहत मिल रही हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले उनके घर का बिजली बिल ज्यादा आता था, लेकिन छत पर सोलर पैनल लगने के बाद से बिजली की बिल में काफी कमी आई है। वहीं इस योजना के लिए सरकार से पचास प्रतिशत की सब्सिडी मिलने से बिजली उपभोक्ता काफी खुश हैं।

<u>विजय बघेल–जीएसटी</u>

दुर्ग सांसद विजय बघेल ने केन्द्र सरकार द्वारा अभी हाल ही में जीएसटी की दरों में किए गए बदलाव की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव की जानकारी लोगों और व्यापारियों तक पहुंचाने के लिए संपर्क अभियान शुरू किया गया है।

विश्वकर्मा जयंती

कल विश्वकर्मा जयंती है। इस मौके पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर में श्रम विभाग द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश के श्रमिकों को पैंसठ करोड़ सोलह लाख रूपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेश के श्रमवीरों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

एशिया कप–बास्केटबॉल

मलेशिया में आयोजित अंडर–सिक्सटीन महिला एशिया कप बास्केटबॉल में भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। टीम ने अपने तीसरे मैच में समोआ को चौव्वन के मुकाबले इकहत्तर अंकों के अंतर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। भारत ने अब तक खेले गए सभी मैचों में जीत हासिल की है। सेमीफाइनल का मुकाबला अट्ठारह सितंबर को होगा। भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी भी शामिल हैं।

करंट–मौत

मोहला–मानपुर जिले में अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम खैरी–पांगरी में बिजली के करंट से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति–पत्नी और पुत्र शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी है।

संक्षिप्त समाचार

- केन्द्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत इस साल छत्तीसगढ़ के लिए एक सौ तीस करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि जारी की है।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले में चौबीस नये छात्रावास भवनों के निर्माण के लिए इकतालीस करोड़ उनसठ लाख रूपय की स्वीकृति दी है।
- कांग्रेस ने आज से रायगढ़ में वोट अधिकार यात्रा शुरू की है। आज इस यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कांग्रेस के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत और विधायक उमेश पटेल उपस्थित थे।

- एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की टीम ने आज रायगढ़ एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक को साढ़े पांच लाख रूपये घूस लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

- छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष और विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर बलौदाबाजार में आगामी अट्ठाईस सितंबर को साइक्लोथॉन टूर दे बलौदा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बीस सितंबर निर्धारित की गई है।

<><><><><>